बरेली, शनिवार
4 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, MIDDLE

एसआरएमएस ने अमरोहा को 10 रन से हराया

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, विश्वेंद्र बने मैन आफ द मैच, आज होंगे दो मैच

- विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता को मिलेगा एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार
- मेरठ, बुलंदशहर, प्रयागराज, पीलीभीत और दिल्ली की टीमें कर रहीं प्रतिभाग

बरेली: एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें सीजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर डा. उमेश गौतम ने ट्राफी का अनावरण के साथ सभी को टूर्नामेंट की बधाई दी और सभी टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ अच्छे खेल के लिए प्रेरित किया। उन्होंने एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति की गेंद पर शाट खेल कर विधिवत रूप से मैच के आरंभ होने की घोषणा की। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच आरंभ होने वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में टास कराया।

टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी • सौ. आयोजक

श्रीराम मूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कालेज स्थित एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार दोपहर पहला मैच ग्रुप- बी की एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी बनाम बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के टीमों के बीच हुआ। इसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कैप्टन आदर्श शर्मा ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 162 रन बनाए, जिसमें विश्वेंद्र चौधरी ने आक्रामक खेलते हुए अर्धशतक के साथ टीम की ओर से सर्वाधिक 50 रन बनाए। विश्वेंद्र ने 26 गेंदों सामना करते हुए सात चौके और दो छक्के लगाए। 162 रन के जवाब में बजाज टेक्सटाइल की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 18 रन पर पहला विकेट गिरने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और पूरी टीम 18.4 ओवर में 152 रन बना सकी। नतीजा एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने 10 रन से मैच जीत लिया। एसआरएमएस की ओर से अनुज शर्मा ने 3.4 ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। सौरभ और अभिषेक ने 2-2 विकेट लिए। आक्रामक अर्धशतक लगाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के विश्वेंद्र को मैन आफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना और सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, पीएनबी एसआरएमएस के ब्रांच मैनेजर अंकित भारद्वाज, बैंक आफ बड़ौदा के डिप्टी रीजनल मैनेजर संतोष कुमार गुप्ता, बैंक आफ बड़ौदा के एसआरएमएस ब्रांच मैनेजर राजीव कुमार श्रीवास्तव, स्वास्तिक मार्बल के एमडी निखिल अग्रवाल रहे।

टूर्नामेंट में आज के मैच: एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में संचालित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में शनिवार (04 अप्रैल 2026) दोपहर तीसरे मैच में ग्रुप ए की टीम आइके कलेक्शंस बरेली और जीएसटी आरसीसी इलेवन बरेली के बीच और शाम को चौथे मैच में ग्रुप डी की टीम बजाज टेक्सटाइल अमरोहा और 22 यार्ड्स पीलीभीत के बीच मुकाबला होगा।